Publication	Kanpur Ujala	Date	06-06 -2017	Page No.	17
Client Name	Kamdhenu	Edition	Lucknow		

चौथी तिमाही में कामधेनु का शुद्ध लाभ ३१ प्रतिशत बढ़ा, रेवेन्यू में २३ प्रतिशत की वृद्धि

भारत में ब्रांडेड टीएमटी बार की सबसे बड़ी विनिर्माता और विक्रेता कामधेनु लिमिटेड ने आज चौथी तिमाही और 31 मार्च 2017 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इस तिमाही में रेवेन्यू 242 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वि.व. की चौथी तिमाही से 23 प्रतिशत अधिक है क्र इस तिमाही में कर पूर्व लाभ 4.40 करोड़ रुपए दर्ज किया गया जो कि बीते वि.व. की समान अवधि के मुकाबले 8 प्रतिशत ज्यादा है। समीक्षाधीन तिमाही में कर पश्चात् लाभ 3.01 करोड़ रुपए दर्ज किया गया जो वि.व. की चौथी तिमाही के मुकाबले 31 प्रतिशत अधिक है। इस वि.व. में कंपनी ने 825 करोड़ रेवेन्यू अर्जित किया जो पिछले वि.व. से 20 प्रतिशत कम है। पिछले वि.व. के मुकाबले कर पूर्व लाभ 17 प्रतिशत अधिक 14.48 करोड़ रुपए रहा है। बीते वि.व. के मुकाबले कर पश्चात् लाभ 21 प्रतिशत अधिक 9.83 करोड़ रुपए रहा है। इन नतीजों पर कंपनी के सीएमडी सतीश कुमार अग्रवाल ने कहा, ''यह तिमाही बहुत दमदार रही है, वाल्यूम बढ़ने से हमारे मुनाफे में वृद्धि हुई है। नोटबंदी और स्टील की कीमतों में रेशनलाइजेशन के चलते यह साल चुनौतीपूर्ण रहा फिर भी हमने सक्रियता से अपने कारोबार का प्रबंधन करते हुए और बदलते माहौल पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए हमने बहुत उम्दा प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा, ''रियल ऐस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में धीमे-धीमे वापसी के साथ और किफायती आवास हेतु सरकार की प्रतिबद्धता के चलते हम इस क्षेत्र के मध्यम अवधि आउटलुक के बारे में आशावान हैं। जीएसटी के अमल में आने से पहले से ही हम निरंतर अपने डीलरों से संवाद स्थापित करके उनकी चिंताओं को दूर करते आ रहे हैं और उन्हें इस महत्वपूर्ण कर सुधार हेतु तैयार कर रहे हैं ताकि आपूर्ति बिल्कुल सामान्य बनी रहे।